भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1747

दिनांक 03 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

तेलंगाना में पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के संबंध में प्रगति

1747 श्री बी. पार्थसारधी रेड्डी:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश में पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत की गई प्रगति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश भर में लगाए गए स्मार्ट मीटरों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

(ग) तेलगांना में आरडीएसएस के तहत लगाए गए स्मार्ट मीटरों की संख्या कितनी है; और

(घ) विशेष रूप से तेलंगाना के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोगों और किसानों के लिए राज्य को जारी की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) एवं (ख) : भारत सरकार ने वित्तीय रूप से स्थिर और प्रचालनात्मक रूप से दक्ष वितरण क्षेत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से जुलाई, 2021 में संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) प्रारंभ की थी। इस स्कीम का परिव्यय 3,03,758 करोड़ रुपये है और केंद्र सरकार से अनुमानित सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) 97,631 करोड़ रुपये है। इस स्कीम के अंतर्गत, वितरण यूटिलिटी को हानि न्यूनीकरण हेतु अवसंरचना कार्यों तथा स्मार्ट मीटरिंग कार्यों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस स्कीम के अंतर्गत हानि न्यूनीकरण अवसंरचना कार्यों के लिए 1.53 लाख करोड़ रुपये तथा स्मार्ट मीटरिंग कार्यों के लिए 1.31 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं।

इसके अलावा, जहां भी व्यवहार्य हो, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के तहत अनुसूचित जनजाति के घर, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत अनुसूचित जाति के घर तथा वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम (वीवीपी) के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों के घरों सहित 13,65,139 घरों के लिए ऑन-ग्रिड विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (एएमआई) के एक भाग के रूप में 19.79 करोड़ उपभोक्ताओं, 2.05 लाख फीडरों और 52.53 लाख वितरण ट्रांसफार्मरों के लिए स्मार्ट मीटरिंग कार्यों को मंजूरी दी गई है। दिनांक 30.06.2026 तक, इस स्कीम के तहत 5.73 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें 5.53 करोड़ उपभोक्ता मीटर, 18.50 लाख डीटी मीटर और 1.85 लाख फीडर मीटर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, राज्यों ने अपनी राज्य योजनाओं/अन्य स्कीमों के तहत भी स्मार्ट मीटर लगाए हैं, और कुल मिलाकर, पूरे देश में 7.24 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

आरडीएसएस के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, हानि न्यूनीकरण और स्मार्ट मीटरिंग कार्यों की प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण (जून 2026 तक) **अनुबंध-I** से **III** पर है।

(ग) और (घ) : तेलंगाना राज्य ने स्मार्ट मीटरिंग कार्यों के लिए आरडीएसएस स्कीम में भाग नहीं लिया है। हालांकि, आरडीएसएस के तहत, पीवीटीजी और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित 31,081 घरों और सार्वजनिक स्थानों के लिए 120.42 करोड़ रुपये (जीबीएस: 72.25 करोड़ रुपये) के ऑन-ग्रिड विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अब तक, राज्य द्वारा कुल 35,572 घरों और सार्वजनिक स्थानों का विद्युतीकरण किया गया है, और इस स्कीम के तहत राज्य को 35.65 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

रा.स.अतारां.प्र.सं. 1747

अनुबंध-I

आरडीएसएस के तहत स्वीकृत निधि का विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)		
	स्मार्ट मीटरिंग	हानि न्यूनीकरण	कुल
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	54	462	516
आंध्र प्रदेश	4,128	10,708	14,836
अरुणाचल प्रदेश	184	1,042	1,226
असम	4,050	3,395	7,444
बिहार	2,021	10,559	12,581
छत्तीसगढ़	4,105	4,021	8,126
दिल्ली	13	324	337
गोवा	469	247	716
गुजरात	10,642	6,089	16,731
हरियाणा	0	6,794	6,794
हिमाचल प्रदेश	1,788	2,327	4,116
जम्मू एवं कश्मीर	1,064	5,034	6,098
झारखंड	858	3,468	4,326
कर्नाटक	0	45	45
केरल	8,231	3,108	11,339
लद्दाख	0	876	876
मध्य प्रदेश	8,911	9,738	18,649
महाराष्ट्र	15,215	17,238	32,453
मणिपुर	121	627	748
मेघालय	310	1,232	1,542
मिजोरम	182	322	503
नागालैंड	208	466	674
पुदुचेरी	251	84	335
पंजाब	5,769	3,873	9,642
राजस्थान	9,715	18,693	28,408
सिक्किम	97	420	518
तमिलनाडु	19,235	9,568	28,803
तेलंगाना	0	120	120
त्रिपुरा	319	598	917
उत्तर प्रदेश	18,956	21,782	40,739
उत्तराखंड	1,106	2,371	3,477
पश्चिम बंगाल	12,670	7,223	19,893
कुल	**1,30,671**	**1,52,854**	**2,83,525**

रा.स.अतारां.प्र.सं. 1747

अनुबंध-।।

आरडीएसएस के तहत हानि न्यूनीकरण कार्यों की वास्तविक प्रगति

राज्य	वास्तविक प्रगति
अंडमान और निकोबार	0%
आंध्र प्रदेश	44.48%
अरुणाचल प्रदेश	32.07%
असम	61.50%
बिहार	53.71%
छत्तीसगढ़	57.75%
दिल्ली	0%
गोवा	88.50%
गुजरात	55.79%
हरियाणा	18.74%
हिमाचल प्रदेश	5.96%
जम्मू और कश्मीर	48.97%
झारखंड	59.17%
केरल	33.13%
लद्दाख	18.74%
मध्य प्रदेश	56.35%
महाराष्ट्र	42.62%
मणिपुर	21.80%
मेघालय	25.91%
मिजोरम	52.99%
नागालैंड	34.51%
पुदुचेरी	37.26%
पंजाब	23.42%
राजस्थान	20.04%
सिक्किम	20.37%
तमिलनाडु	16.70%
त्रिपुरा	59.32%
उत्तर प्रदेश	47.34%
उत्तराखंड	26.44%
पश्चिम बंगाल	65.45%
कुल	**42.23%**

रा.स.अतारां.प्र.सं. 1747

अनुबंध-III

आरडीएसएस के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार स्मार्ट मीटरिंग कार्य (दिनांक 30.06.2026 तक)

क्रम सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	संस्वीकृत उपभोक्ता मीटर	संस्थापित उपभोक्ता मीटर	संस्वीकृत डीटी मीटर	संस्थापित डीटी मीटर	संस्वीकृत फीडर मीटर	संस्थापित फीडर मीटर	कुल संस्वीकृत मीटर	संस्थापित कुल मीटर
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	83,573	-	1,148	-	114	-	84,835	-
2	आंध्र प्रदेश	56,08,846	31,35,016	2,93,140	1,33,766	17,358	11,016	59,19,344	32,79,798
3	अरुणाचल प्रदेश	2,87,446	83,769	10,116	867	688	263	2,98,250	84,899
4	असम	63,64,798	54,82,859	77,547	58,596	2,782	2,879	64,45,127	55,44,334
5	बिहार	23,50,000	20,93,830	2,50,726	2,02,386	6,427	6,163	26,07,153	23,02,379
6	छत्तीसगढ़	59,62,115	41,15,430	2,10,644	1,01,593	6,720	5,987	61,79,479	42,23,010
7	दिल्ली	-	-	766	-	2,755	-	3,521	-
8	गोवा	7,41,160	28,629	8,369	2,775	827	827	7,50,356	32,231
9	गुजरात	1,64,87,100	50,17,480	3,00,487	1,84,016	-	-	1,67,87,587	52,01,496
10	हरियाणा	-	-	-	-	-	-	-	-
11	हिमाचल प्रदेश	28,00,945	9,77,615	39,012	26,785	1,951	1,660	28,41,908	10,06,060
12	जम्मू और कश्मीर	14,07,045	9,36,905	88,037	32,419	2,608	1,452	14,97,690	9,70,776
13	झारखंड	13,41,306	7,73,869	19,512	1,703	1,226	894	13,62,044	7,76,466
14	केरल	1,32,89,361	1,74,871	87,615	15,130	6,025	2,941	1,33,83,001	1,92,942
15	मध्य प्रदेश	1,29,80,102	39,56,106	4,19,396	2,06,561	29,708	27,514	1,34,29,206	41,90,181
16	महाराष्ट्र	2,35,64,747	1,26,10,373	4,10,905	3,30,254	29,214	32,424	2,40,04,866	1,29,73,051
17	मणिपुर	1,54,400	62,244	11,451	1,917	357	238	1,66,208	64,399
18	मेघालय	4,60,000	-	11,419	-	1,324	-	4,72,743	-
19	मिजोरम	2,89,383	60,094	2,300	829	398	297	2,92,081	61,220
20	नागालैंड	3,17,210	56,151	6,276	1,014	392	172	3,23,878	57,337
21	पुदुचेरी	4,03,767	95,205	3,105	123	180	153	4,07,052	95,481
22	पंजाब	87,84,807	-	1,84,044	2,099	12,563	12,563	89,81,414	14,662
23	राजस्थान	1,42,74,956	46,75,617	4,34,608	57,724	27,128	25,460	1,47,36,692	47,58,801
24	सिक्किम	1,44,680	96,415	3,229	1,473	633	471	1,48,542	98,359
25	तमिलनाडु	3,00,00,000	-	4,72,500	-	18,274	9,746	3,04,90,774	9,746
26	त्रिपुरा	5,47,489	2,90,302	14,908	9,612	473	473	5,62,870	3,00,387
27	उत्तर प्रदेश	2,69,79,055	93,43,668	15,26,801	3,83,007	20,874	27,078	2,85,26,730	97,53,753
28	उत्तराखंड	15,87,870	6,27,387	59,212	10,055	2,602	2,538	16,49,684	6,39,980
29	पश्चिम बंगाल	2,07,17,969	6,02,691	3,05,419	85,676	11,874	11,815	2,10,35,262	7,00,182
	कुल (आरडीएसएस)	**19,79,30,130**	**5,52,96,526**	**52,52,692**	**18,50,380**	**2,05,475**	**1,85,024**	**20,33,88,297**	**5,73,31,930**

टिप्पणी: दिनांक 30.06.2026 तक, आरडीएसएस के तहत 5.73 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं और आरडीएसएल सहित विभिन्न स्कीमों के तहत पूरे देश में 7.24 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं।

****